आइआइएम रांची के विद्यार्थियों ने पूरा किया समर प्लेसमेंट

संवाददाता, रांची

आइआइएस रांची के सत्र 2021-23 के शतप्रतिशत विद्यार्थियों ने समर प्लेसमेंट पूरा कर लिया. इस वर्ष समर प्लेसमेंट में कुल 503 विद्यार्थियों ने 186 संस्थानों में अपना अनुभव हासिल किया. इनमें 60 फीसदी छात्र और 40 फीसदीं छात्राएं शामिल थीं. विभिन्न कंपनियों ने विद्यार्थियों का चयन दिसंबर 2021 में किया. वहीं, अप्रैल और मई 2022 तक विद्यार्थी समर प्लेसमेंट से जुड़े रहे.

पूर्व प्रभारी निदेशक प्रो प्रदीप कुमार बाला ने समर प्लेसमेंट रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि प्रबंधन शिक्षा से जुड़नेवाले विद्यार्थियों के लिए समर प्लेसमेंट एक अवसर है, जहां विद्यार्थी प्रबंधन शिक्षा को समाज व संस्था के लिए इस्तेमाल करना सीखते हैं. इससे विद्यार्थियों को भविष्य की योजना और अवसरों हासिल करने में मदद मिलती है.

399 विद्यार्थियों का 165 कंपनियों में चयन : एमबीए कोर्स के लिए 165 कंपनी बतौर रिक्रूटर पहुंचीं, जहां 399 विद्यार्थियों का चयन हुआ. इनमें से 23.60% विद्यार्थियों का चयन आइटी-आइइएस जैसे संस्थानों में हुआ. 13% विद्यार्थी मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी में, 12.80% का फिनटेक कंपनी, 11.30% का बीएफएसआइ समेत अन्य कंपनियों में हुआ. आइटी एनालिटिक्स से जुड़े छात्र को सर्वाधिक 3.50 लाख का स्टाइपेंड मिला. कोर्स से जुड़े विद्यार्थियों को विभिन्न कंपनी में बतौर प्रोडक्ट मैनेजमेंट, एप्लिकेशन मैनेजमेंट, बिजनेस इंटेलिजेंस, प्रोडक्ट एनालिस्ट, डाटा एनालिस्ट और बिजनेस एनालिस्ट जैसे पद पर शामिल किया गया था. वहीं, टॉप 10% विद्यार्थियों को औसत 2.54 लाख रुपये का स्टाइपेंड मिला.

एमबीए-एचआर

- देश-विदेश की 36 कंपनियों में हुआ एमबीए-एचआर के 69 विद्यार्थियों का चयन
- एक छात्र को सर्वाधिक 2.84 लाख और टॉप 10% को 2.43 लाख का स्टाइपेंड

एमबीए-बीए

- 27 अलग-अलग कंपनियों में किया गया एमबीए-बीए के 35 विद्यार्थियों का चयन
- एक छात्र को सर्वाधिक 2.43 लाख और टॉप 10% को 2.17 लाख का स्टाइपेंड

Prabhat Khabar_30.08.2022_Pg. 04